जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

वर्ष- 60 अंक-20 जयपुर, सोमवार, 27 मई, 2024 वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) पृष्ठ संख्या 4

## पांच साल में 5 प्रधानमंत्री बनेंगे- पीएम मोदी ने मिर्जापुर में इंडी गठबंधन पर साधा निशाना



**मिर्ज़ापुर (हमारा वतन)।** पीएम मोदी ने कहा कि कानून व्यवस्था और समाजवादी पार्टी का छत्तीस का आंकड़ा है। जो आतंकी पकड़े जाते थे उनको भी ये सपा वाले छोड़ देते थे। जो पुलिस अफसर इसमें आनाकानी करता था सपा सरकार उसे सस्पेंड कर देती थी। इन्होंने पूरे यूपी को पूर्वांचल को माफिया का सुरक्षित ठिकाना बना दिया था। जीवन हो या जमीन कब छिन जाए कोई नहीं जानता था। सातवें चरण के मतदान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को मिर्जापुर के बरकछा में एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे । उन्होंने मंच से विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्हों ने कहा कि हमारे देश का पवित्र संविधान भी इनके (गठबंधन) निशाने पर है। ये एससी-एसटी-ओबीसी का आरक्षण लूटना चाहते हैं। हमारा संविधान साफ-साफ कहता है, धर्म के आधार आरक्षण हो ही नहीं सकता। मोदी ने कहा कि कानून व्यवस्था और समाजवादी पार्टी का छत्तीस का आंकड़ा है। जो आतंकी पकड़े जाते थे, उनको भी ये सपा वाले छोड़ देते थे। जो पुलिस अफसर इसमें आनाकानी करता था, सपा सरकार उसे सस्पेंड कर देती थी। इन्होंने पूरे यूपी को, पूर्वांचल को माफिया का सुरक्षित ठिकाना बना दिया था। जीवन हो या जमीन, कब छिन जाए कोई नहीं जानता था और सपा सरकार में माफिया को भी वोटबैंक के हिसाब से देखा जाता था। प्रधानमंत्री ने कहा कि सपा पर अपना वोट कोई बर्बाद करना नहीं चाहता। हमारे उत्तर प्रदेश के लोग राजनीति को समझने में बड़े माहिर हैं। कोई समझदार कभी भी डूबती कंपनी का शेयर खरीदेगा क्या? जो डूब रहे हैं उसको कोई वोट देगा क्या? पता है कि इनका डूबना तय है तो कौन वोट डालने की गलती करेगा? सामान्य मानवी वोट उसी को डालेगा जिसकी सरकार बनना तय है...!



## सभापति विष्णु सैनी ने किया शॉर्ट फिल्म अनमोल जीवन के पोस्टर का विमोचन

**चौमूं (हमारा वतन)।** संस्कार सृजन संस्था के बैनर तले निर्मित अनमोल जीवन शॉर्ट फिल्म के पोस्टर का विमोचन चौमूं नगर परिषद् सभापति विष्णु कुमार सैनी ने अपने कर कमलों से किया। सभापति विष्णु कुमार सैनी ने कहा कि आजकल आत्महत्या के मामले बढ़ते जा रहे हैं, शॉर्ट फिल्म अनमोल जीवन को देखकर लोग समझेंगे और आत्महत्या के मामलों में कमी आएगी। शॉर्ट फिल्म के डायरेक्टर राम गोपाल सैनी ने बताया कि निराशा और गुस्से के भाव के कारण आज का युवा आत्महत्या कर लेता है, जो सरासर गलत है । युवाओं को धैर्य से काम लेना चाहिए व समस्याओं का डटकर सामना करना चाहिए, क्योंकि संघर्ष ही जीवन है । हमारी फिल्म में आत्महत्या नहीं करने का संदेश समाज को दिया गया है । जल्द ही इंडिया यूट्यूब चैनल पर फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया जाएगा। पोस्टर विमोचन के दौरान पार्षद महेश यादव, ओम प्रकाश यादव, कलाकार पंडित रविंद्र आचार्य, मोहन सैनी, संदीप शर्मा, राजेश सेन सहित कई लोग मौजूद रहे।



## भीषण गर्मी में स्काउट गाइड रेलवे स्टेशन पर कर रहे जल सेवा

**नीमकाथाना (हमारा वतन)।** रेलवे स्टेशन नीमकाथाना पर राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय नीम का थाना के सौजन्य से ग्रीष्मकालीन जल सेवा निरंतर चल रही है। इसमें लालचंद सोनी, शीशराम यादव, राधेश्याम शर्मा, दिनेश कुमार शर्मा, विक्रम सिंह, भगवान सहाय सैनी, अर्जुन सैनी, रामजीलाल अग्रवाल, सुभाष शर्मा, शंभू दयाल सैनी, विजय सिंह, रेंजर्स शीतल कंवर,रोवर्स पीयूष टेलर, राकेश सैनी, स्काउट जितेंद्र वर्मा, सोनू खान, नितेश शर्मा, गौरव शर्मा, आदित्य कुमावत, बबलू कटारिया, संदीप रेगर, अंकित गुर्जर, मनीष कुमावत नियमित सेवाएं दे रहे हैं । जल सेवा 24 जून 2024 तक नियमित जारी रहेगी । शीतल जल ग्रहण करके सभी गाड़ी के यात्री प्रशंसा करते हैं । जल सेवा हेतु भामाशाह ओम नारायण जांगिड़ व महावीर प्रसाद शर्मा द्वारा प्रतिदिन आवश्यकता अनुसार बर्फ की सिलिया निःशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है ।

## इग्नू के पशु कल्याण स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम की आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ

**जयपुर (हमारा वतन)।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने पशु कल्याण में स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. ममता भाटिया ने बताया कि इस कार्यक्रम की अवधि एक वर्ष है तथा फीस मात्र 5400 रू है। इस कार्यक्रम की शुरुआत जुलाई 2020 सत्र में की गई थी तथा इस कार्यक्रम ने अब सबसे बडे वैश्विक पशु कल्याण शिक्षा कार्यक्रम के रूप में मान्यता प्राप्त होने का गौरव हासिल कर लिया है। पशु कल्याण के प्रति जुनूनी व्यक्ति, पशु कल्याण संगठनों / गैर संगठनों/ गौशालाओं के कर्मचारी, विश्वविद्यालयो और पशु चिकित्सा महाविद्यालयों में संकाय सदस्य, शोधकर्ता, सरकारी और सैन्य सेवाओं में पशु चिकित्सक और परा पशु चिकित्सक, पशु कल्याण बोर्डों और समितियों के सदस्य, कानून प्रवर्तन पेशवर, सिविल सेवक, वन सेवा अधिकारी और वन्यजीव संरक्षणवादी आदि को इस कार्यक्रम में प्रवेश लेकर अपनी योग्यता एवं ज्ञान को बढ़ाना चाहिए। डॉ. ममता भाटिया ने यह भी बताया कि दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से पशु कल्याण में विज्ञान-आधारित शिक्षा प्रदान करना और पशु कल्याण के संबंध में निर्णय लेने के लिए हितधारक क्षमता को बढ़ावा देना इस कोर्स का उद्देश्य है। भारतीय पशु कल्याण बोर्ड द्वारा मान्य पीजीडीएडब्ल्यू कार्यक्रम पशु कल्याण शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए शुरू किया गया है। विद्यार्थियों को कार्यक्रम में प्रवेश लेने के लिए अंतिम तिथि 30 जून से पहले विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.ignou.ac.in पर जाकर https://ignouadmission.samarth.edu.in/ लिंक पर आवेदन करें।

ignou THE PEOPLE'S UNIVERSITY

## मिलावट के खिलाफ अभियान के तहत 11,824 किलो से ज्यादा मिलावटी घी किया सीज



**जयपुर (हमारा वतन)।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्तालय की ओर से मिलावट के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान के निर्देशन में कार्रवाई करते हुए 11 हजार 824 किलो मिलावटी घी सीज किया गया। अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि धौलपुर में सीएमएचओ डॉ.जयंती लाल मीणा के द्वारा धौलपुर रीको औद्योगिक क्षेत्र में पालीवाल संस डेयरी प्राइवेट लिमिटेड से खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत 3 नमूने पालीवाल ब्रांड घी के लिए गए। साथ ही संदेह के आधार पर 9 हजार 898 किलो घी भी सीज किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह भी कार्रवाई में शामिल रहे। नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इसी प्रकार गंगापुर सिटी में 324 लीटर घी मारवाड़ की शान सरस फर्म बजाज एंटरप्राइजेज पर सीज कर तीन नमूने लिए गए। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह और वेद प्रकाश पूर्विया शामिल थे। भरतपुर में सीएमएचओ टीम ने मैसर्स सुमित ट्रेडिंग कंपनी में पालीवाल घी और गोधन डेरी का 1500 किलोग्राम घी सीज किया।



## पंडित रविंद्र आचार्य की प्रेरणा से अजंता वर्ल्ड स्कूल डायरेक्टर ने बांधे परिंडे

**जयपुर (हमारा वतन)।** भीषण गर्मी नौतपा को देखते हुए अजंता वर्ल्ड स्कूल के डायरेक्टर मालीराम यादव ने अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य की प्रेरणा से जगह-जगह परिंडे बांधने की शुरुआत की। पंडित रविंद्र आचार्य ने कहा कि यह कार्य सबको करना चाहिए बेजुबान पक्षियों की जो सेवा है यह बहुत ही पुण्य का कार्य है क्योंकि मनुष्य तो बोलकर पानी पी सकता है, लेकिन बेजुबान किसको बोले। इस दौरान स्कूल प्रिंसिपल संगीता तिवारी, ललित सैनी , जयप्रकाश शर्मा, महेश शर्मा ,संजय मीणा, मुकेश बागड़ा, अनिल जांगिड़, डॉ. राजेंद्र शर्मा, अनिल व्यास आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

मिशन सन-रक्षण 2024

# निरीह पशु पक्षियों को लू और ताप से राहत दिलाने के करें प्रयास : विकास एस भाले

जयपुर (नि.सं.)। प्रमुख शासन सचिव पशुपालन एवं गोपालन विकास एस भाले ने गुरुवार को गोपालन विभाग में मिशन सन-रक्षण 24 की शुरुआत की। भाले ने इस अवसर पर कहा कि गौवंश एवं पक्षियों को लू और तापघात से बचाने के उद्देश्य से यह अभियान शुरु किया जा रहा है। पिछले कुछ दिनों से राजस्थान ही नहीं बल्कि पूरे देश में हीट वेव चल रही है। मानसून के आने तक इससे राहत की कोई सूरत भी नजर नहीं आती। ऐसे में आदमियों ने तो अपने लिए उपाय कर लिए हैं पर इस क्रम में जो कार्बन का उत्सर्जन होता है उसका दंश मासूम पशु पक्षियों को झेलना पड़ता है। उन्होंने कहा कि हमारा नैतिक दायित्व बनता है कि हम इन निरीह पशु पक्षियों को लू और ताप के इस वातावरण से कुछ राहत दिला सकें। इसी बात को आधार बनाकर आज यह अभियान लॉन्च किया गया है। इस अभियान की शुरुआत पूरे राजस्थान में एक साथ की जा रही है। भाले ने कहा कि यह एक छोटी सी शुरुआत है। इसमें बहुत ज्यादा खर्च नहीं है पर आत्मसंतुष्टि है। इसे हर व्यक्ति अपने स्तर पर शुरू कर सकता है। यह एक तरह से परोपकार का काम है। उन्होंने मीडियाकर्मियों द्वारा इस अभियान को अधिक से अधिक लोगों तक






पहुंचाने की अपील की ताकि लोगों में जागरूकता आ सके और बड़ी संख्या में लोग इस अभियान से जुड़ सकें। इस अवसर पर पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ भवानी सिंह राठौड़ ने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति में पशु पक्षियों का संरक्षण हमारे पारिस्थितिकी तंत्र को संतुलित बनाए रखने के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना गया है। उन्होंने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा के बाद नौतपा शुरू हो जाता है इसलिए आज बुद्ध पूर्णिमा का दिन इस अभियान की शुरुआत के लिए बहुत अच्छा दिन है। उन्होंने लोगों से अपील की कि सब लोग अपने अपने घरों में पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था करें। गोपालन विभाग की निदेशक श्रीमती शालिनी शर्मा ने बताया कि यह अभियान आज पूरे राजस्थान में एक साथ शुरू किया जा रहा है। अभियान के तहत पंजीकृत गौशालाओं में पशुओं के लिए पानी की पर्याप्त व्यवस्था और पक्षियों के लिए परिंडे एवं दाना इत्यादि की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि आज पशुपालन एवं गोपालन विभाग के समस्त जिला स्तरीय कार्यालयों में भी परिंडे लगवाए गए।

आर्थराइटिस की समस्या का नई तकनीक से होगा इलाज

# सर्जरी और रिकवरी के टाइम में आएगी कमी : डॉ. सचिन गुप्ता



जयपुर(नि.सं.)। जोड़ों में आर्थराइटिस की समस्या बढ़ने के कारण अब जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के मामले भी काफी बढ़ गए हैं। इनके इलाज में अब नई तकनीक आ गई है। इससे मरीज को पहले से कहीं अधिक सटीकता से कृत्रिम जोड़ लगाए जा सकेंगे, साथ ही सर्जरी के दौरान लगने वाला समय कम और बाद की रिकवरी भी काफी तेज हो जाएगी। राजस्थान में पहली बार जयपुर के नव इंपीरियल हॉस्पिटल के सीनियर जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. सचिन गुप्ता ने नवीनतम तकनीक ह्यूमनॉइड रोबोटिक्स से जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी सेवा शुरू की है। डॉ. सचिन गुप्ता ने बताया- आमतौर पर रोबोटिक सर्जरी के लिए एक सेटअप तैयार होता है, जो एक ही जगह रहता है। जिस कंपनी का रोबोट होता है, मरीज को उसी कंपनी का इंप्लांट लगाया जाता है। लेकिन ह्यूमनॉइड रोबोटिक्स पूरी तरह से पोर्टेबल है। इसे एक से दूसरी जगह लाया जा सकता है। इंप्लांट से जुड़ी बाध्यता भी नहीं है। इसमें पहले सॉफ्टवेयर में ही एक वर्चुअल सर्जरी की जाती है। सॉफ्टवेयर में मरीज की संबंधित सीटी स्कैन जांच अपलोड की जाती है।



## सड़क हादसे में 2 भाइयों की मौत

### पत्थरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से एक नीचे दबा, दूसरा बाइक से गिरा

चित्तौड़गढ़(वि.सं.)। चित्तौड़गढ़ के भादसोड़ा थाना इलाके में बागुंड के पास शुक्रवार को सड़क हादसे में 2 भाइयों की मौत हो गई। दोनों भाई बाइक पर अनगढ़ बावजी प्रसादी में खाना खाने जा रहे थे। इसी दौरान ये हादसा हुआ। दरअसल बागुंड के पास बाइक सवार चचेरे भाइयों की सड़क हादसे में मौत हो गई। दोनों चचेरे भाई बाइक से अनगढ़ बावजी प्रसादी में खाना खाने जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आई पत्थरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली अचानक पलट गई। इससे एक भाई पत्थरों के नीचे दब गया। वहीं दूसरा बाइक से गिर गया। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पुलिस पहुंची और दोनों के परिजनों को सूचना दी।

जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी

# जेईसीआरसी ने बनाया प्लेसमेंट रिकॉर्ड, 52 लाख रुपये का हाईएस्ट पैकेज

### स्टूडेंट्स को 256 दिनों में 167 कंपनियों ने दिए 2008 ऑफर लेटर, एवरेज पैकेज 6.8 एलपीए



जयपुर(नि.सं.)। जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी ने इस बार भी प्लेसमेंट में अपना एक रिकॉर्ड बनाया है। यहां के विद्यार्थियों को 256 दिनों में देश की प्रतिष्ठित 167 कंपनियों ने दिए 2008 ऑफर लेटर प्रदान किए है, जो एक बड़ा रिकॉर्ड है। जयपुर में पढ़ रहें स्टूडेंट्स ने देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है, जो की एक गर्व की बात है। इन कंपनियों ने स्टूडेंट्स को सिर्फ ऑफर लेटर ही नहीं दिया, बल्कि अच्छा सैलरी पैकेज भी दिया है। जेईसीआरसी की स्टूडेंट कनिका मित्तल को माइक्रोसॉफ्ट से 52 लाख का हाईएस्ट पैकेज मिला है। वहीं एवरेज पैकेज 6.8 एलपीए रहा, 289 से ज्यादा स्टूडेंट्स को 10 एलपीए से ज्यादा पैकेज मिला हैं। वहीं पिछले 5 साल में 10 हजार से ज्यादा कैंपस प्लेसमेंट्स हो चुके है। जेईसीआरसी की तरफ से जारी प्लेसमेंट बैच 2024 के आंकड़ों के मुताबिक माइक्रोसॉफ्ट, एक्सेंचर, फ्लिपकार्ट,पी डब्लू सी, सेलेबल, एच पी कम्प्यूटर्स, नेस्ले, यामाहा, हॉंडा कार्स, एयू बैंक, डेलॉइट, टीसीएस, एल एंड टी, एनबीसी, दैनिक भास्कर, ऐशियन पेंट्स, ओबेरॉय सुखविलास, सुराणा लॉ चैम्बर्स, महिंद्रा जैसी टॉप कंपनीज में स्टूडेंट्स का अच्छा सैलरी पैकेज पर चयन किया गया हैं। 2024 प्लेसमेंट बैच में हॉस्पिटैलिटी, पब्लिक रिलेशन, एफएमसीजी, एनर्जी/ यूटिलिटीज, मैन्युफैक्चरिंग (सेनेटरी वेयर) जैसी कंपनियों में स्टूडेंट्स का प्लेसमेंट हुआ हैं।

इन कंपनियों ने विद्यार्थियों के लिए नए क्षेत्र खोले हैं, साथ ही इस बार इंजीनियरिंग के साथ बीबीए, बीसीए, लॉ, ह्यूमिनिटीज डिजाइन और पत्रकारिता के प्रोफेशनल्स के लिए भी कम्पनीज ने प्लेसमेंट दिया है।



## 15 साइबर ठगों पर डीग एसपी ने किया इनाम घोषित

### 6 पर 10 हजार और 9 पर 5 हजार का इनाम घोषित, काफी समय से हैं फरार

भरतपुर(वि.सं.)। डीग जिले का मेवात इलाका साइबर ठगी के लिए बदनाम है। इस इलाके के साइबर ठगों ने देशभर के लोगों को अपने झांसे में लेकर उन्हें ठगी का शिकार बनाया है। आये दिन दूसरे राज्यों की पुलिस मेवात इलाके में साइबर ठगों को पकड़ने के लिए दबिश देती रहती है। कई साइबर ठग ऐसे हैं। जिन पर कई मामले दर्ज हैं लेकिन, वे पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं। अब पुलिस ने 15 ऐसे ठगों पर इनाम घोषित किया है। इसलिए जुरहरा और कामां थाना पुलिस ने 6 साइबर ठगों पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। वहीं नौ साइबर ठगों पर पांच हजार का इनाम घोषित किया है। डीग एसपी राजेश कुमार मीणा ने कुल 15 साइबर ठगों पर इनाम घोषित किया है। एसपी ने अपील की है कि, जिन साइबर ठगों पर इनाम घोषित किया गया है।

# पूर्व सीएम अशोक गहलोत का निशाना- नोटबंदी पर वोट क्यों नहीं मांग रहे हैं पीएम



**नई दिल्ली (हमारा वतन)।** राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने कहा है कि पीएम मोदी को अपनी 10 साल की उपलब्धियों पर वोट मांगने चाहिए। नोटबंदी, जीएसटी, अग्निवीर, कृषि कानून, PSUs के निजीकरण आदि के नाम पर कैंपेन करना चाहिए। गहलोत ने एक्स पर लिखा- यह आश्चर्यजनक है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पूरे चुनाव में असल मुद्दों जैसे महंगाई, बेरोजगारी, आर्थिक असमानता पर आधारित कैंपेन नहीं किया। मोदीजी को इस चुनाव में अपने 10 साल की तथाकथित उपलब्धियों जैसे नोटबंदी, जीएसटी, अग्निवीर, कृषि कानून, PSUs के निजीकरण, सरकारी तानाशाही का विरोध करने वाले पत्रकारों और छात्र नेताओं पर NSA, पेट्रोल-डीजल 100 रु पार, गैस सिलेंडर 1100 रु पार करने, बैंक लोन की EMIs बढ़ाने आदि के नाम पर कैंपेन करना चाहिए। आखिर जनता को उन्हें अपनी इन उपलब्धियों को तो गिनाना चाहिए जिससे जनता इन्हें ध्यान रखकर वोट दे। गौरतलब है कि कांग्रेस का आरोप है कि पीएम मोदी चुनाव में सिर्फ हिन्दू-मुस्लिम ही कर रहे है। पीएम मोदी का भाषण सिर्फ मुस्लिमों पर ही होता है। जबकि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और जनहित के जुड़े मुद्दे नहीं होते है। ऐसे में सिर्फ मुस्लिमों को ही टारगेट किया जा रहा है। जबकि राष्ट्रीय चुनाव है। ऐसे में राष्ट्रीय मुद्दों पर पीएम का भाषण होना चाहिए। लेकिन पीएम मोदी, मंगलसूत्र, भैंस और हिन्दू-मुस्लिम कर रहे है। इससे पहले गहलोत ने बीजेपी में शामिल होने वाले कांग्रेस के नेताओं पर जमकर निशाना साधा था। पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि एक तो भाजपा की हालत पहले से खराब थी। बाद में जनता में अपना अस्तित्व खो चुके कांग्रेस नेताओं को शामिल करके इन चुनावों में बीजेपी ने अपनी हालत और खराब कर ली। चूंकि उन नेताओं के कार्यकर्ता पहले से निराश थे। जिन नेताओं का पार्टी और जनता में कोई अस्तित्व नहीं रहा। ऐसे नेता भाजपा में शामिल होते रहे। गहलोत ने कहा कि ऐसे नेताओं को जब कहीं भी सुरक्षित भविष्य नजर नहीं आया तो वे बीजेपी में चले गए। हालांकि वे डूबत कैटेगरी के नेता हैं।

## जॉब्स-

1. आईआईटी जोधपुर, पद टेक्निकल पोस्ट, एडमिनिस्ट्रेटिव पद संख्या 122, अंतिम तिथि 15 जून 2024
2. यूपीएसएसएससी, पद जूनियर इंजीनियर सिविल, पद संख्या 4016, अंतिम तिथि 7 जून 2024
3. यूपीएससी, पद सीडीएस ll पद संख्या 459, अंतिम तिथि 4 जून 2024
4. यूपीएससी, पद एनडीएस ।। पद संख्या 404, अंतिम तिथि 4 जून 2024
5. रेलवे इंटीग्रेटेड कोच फैक्ट्री चेन्नई, पद ट्रेड अप्रेंटिस, पद संख्या 1010, अंतिम तिथि 21 जून 2024
6. बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स बीएसएफ, पद एसआई, एएसआई, कांस्टेबल व अन्य पोस्ट, पद संख्या 144, अंतिम तिथि 17 जून 2024
7. एनएलसी इंडिया लिमिटेड, पद इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग, पद संख्या 239, अंतिम तिथि 5 जून 2024
8. डीआरडीओ, पद आईटीआई अप्रेंटिस, पद संख्या 127, अंतिम तिथि 31 मई 2024।




# बेडरूम में चुपचाप लड़का ले गई थीं जाह्नवी कपूर, खिड़की से कूदा तो बोनी ने...


जाह्नवी कपूर बचपन से ही काफी शरारती रही हैं। वह अक्सर खुद अपनी शैतानियां बताती रहती हैं। अब उन्होंने बताया है कि एक बार एक लड़के को छिपाकर अपने कमरे में ले गई थीं फिर डैड ने देख लिया था।जाह्नवी कपूर खतरों की खिलाड़ी रही हैं। एक बार उन्होंने एक लड़के को अपने कमरे की खिड़की से कूदने के लिए कहा था। जाह्नवी अपार्टमेंट के फर्स्ट फ्लोर पर रहती थीं। उनके कहने से वह लड़का कूद भी गया और ये सब उनके डैड बोनी कपूर ने देख लिया था। जाह्नवी अपनी अपकमिंग फिल्म मिस्टर और मिसेज माही के प्रमोशंस में बिजी हैं। इसी दौरान एक इंटरव्यू में उन्होंने यह मजेदार घटना बताई।



**बोनी ने देख ली जाह्नवी की करतूत** -जाह्नवी ने बताया, मैं किसी को चुपचाप अपने कमरे में ले गई थीऔर नहीं चाहती थी कि वह फ्रंट डोर से बाहर जाए। मैंने उनसे कहा कि कूद जाओ। मेरी कार वहां खड़ी थी। कार लंबी थी, लेक्सस कार थी। तो मैंने कहा कि कार पर कूद जाओ और पलटकर निकल जाना। उसने ऐसा ही किया। डैड ने सीसीटीवी कैमरा पर ये सब देख लिया। उनका रिऐक्शन था, तुम कर क्या रही हो? तब उन्होंने मेरे कमरे के बाहर ग्रिल लगवाई ताकि कोई कमरे के अंदर या बाहर ना कूद सके। **खिड़की से कूद चुके हैं बोनी**-जाह्नवी ने बताया कि जब उन्होंने उस लड़के से कार पर कूदने के लिए कहा तो उन्हें ये नहीं पता था कि ड्राइवर गाड़ी के अंदर है। जाह्नवी ने बताया कि उनके पिता बोनी कपूर भी एक बार होटल की खिड़की से कूद चुके हैं। वह उनकी मां श्रीदेवी से मिलने गए थे। जाह्नवी ने बताया कि उनके डैड को तब अहसास हुआ था कि पट जाएगी। **रोज श्रीदेवी को याद करते हैं बोनी**-जाह्नवी ने बताया कि हर रात 10 बजे के बाद जब म्यूजिक चैनल पुराने गाने चलते हैं तो बोनी कपूर उनकी तरफ देखकर श्रीदेवी और अपने पुराने किस्से सुनाते हैं। यह उनका फेवरिट काम बन चुका है।

# रवीना ने की साउथ फिल्म इंडस्ट्री की तारीफ बोलीं-वहां 9 लोगों के क्रू के साथ शूटिंग हो जाती है, बॉलीवुड में 200 लोग लगते हैं

बॉलीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन ने हिंदी के अलावा साउथ की कई फिल्मों में भी काम किया है। हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने साउथ और बॉलीवुड की वर्किंग स्टाइल पर बात की है। उन्होंने बताया कि साउथ में कम लोगों के साथ अच्छी तरह से शूटिंग होती है जबकि बॉलीवुड फिल्मों की शूटिंग में ऐसा नहीं होता है। रवीना ने इंटरव्यू में साउथ फिल्म तकदीरवाला की शूटिंग का किस्सा सुनाते हुए कहा, मैं और को-स्टार वेंकटेश पांच गानों की शूटिंग के लिए मॉरिशस गए थे। यहां हमारे साथ केवल 9 लोगों का क्रू गया था। ये देखकर मैं दंग रह गई थी। हमने पांच गाने सिर्फ 9 लोगों के साथ शूट किए जिसमें कोई लाइटमैन नहीं था, न कोई जनरेटर, न लाइट्स कुछ भी नहीं। उन्होंने दो बेबी लाइट्स और रिफ्लेक्टर्स के साथ वो सॉन्ग शूट किए और तब भी आप गानों की क्वालिटी देखिए। रवीना ने आगे बॉलीवुड फिल्मों की शूटिंग के बारे में कहा, यहां इंटरनेशनल आउटडोर शूटिंग पर हमारे साथ करीब 200 लोगों का क्रू जाता है जिसको देखकर मैं सोचती हूं कि इतने सारे लोगों की क्या जरूरत है जब साउथ में 9 लोगों के साथ ही शूटिंग पूरी हो रही है। कुल मिलाकर देखा जाए तो रवीना का कहना है कि साउथ फिल्म इंडस्ट्री कम रिसोर्सेस और लो बजट में भी बेहतरीन काम करती है जबकि बॉलीवुड में ऐसा नहीं होता।



रवीना की पिछली साउथ फिल्म 'KGF 2' थी जो कि 2022 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में रवीना ने पीएम रमिका सेन का रोल निभाया था। फिल्म में यश लीड स्टार थे और संजय दत्त विलेन बने थे।








# उबासियां आपको सुस्त साबित कर रहीं हैं,तो इन उपायों से करें इन्हें कंट्रोल

जब आप ऑफिस मीटिंग में मुंह खोलकर उबासी लेने लगती हैं, तो सिचुएशन वाकई अजीब हो सकती है। तो इन घरेलू उपायों को ट्राई करें और इस स्थिति से बचें। अक्सर जब हम बेहद थक जाते हैं, तो हमें जम्हाई या उबासी आने लगती है। कभी-कभी पढ़ाई करते वक्त भी उबासी आने लगती है। हमारी स्थिति तब बहुत हास्यास्पद हो जाती है, जब किसी महत्वपूर्ण बातचीत या मीटिंग के दौरान लगातार उबासी आने लगती है। आपको इस बात का डर लग सकता है कि आपके बॉस कहीं आपको उदासीन या ऊबा हुआ न समझ लें। गर्मी के दिनों में जम्हाई अधिक आती है, क्योंकि गर्म वातावरण में ब्रेन का टेम्प्रेचर भी बढ़ जाता है। यदि आपको भी बार-बार जम्हाई आने लगे, तो आप किसी भी हास्यास्पद स्थिति से बचने के लिए ये घरेलू उपाय को आजमा सकती हैं।



**पहले जानिए क्यों आती है जम्हाई?**

काम करते-करते जब हमारा शरीर थक जाता है, तो हमें नींद की अनुभूति होने लगती है। बॉडी का एनर्जी लेवल कम हो जाता है, जिसे बढ़ाने के लिए ज्यादा ऑक्सीजन की जरूरत पड़ती है। मस्तिष्क इसका संकेत शरीर को भेजने लगता है, जो उबासी के रूप में सामने आता है।यह बॉडी का ऑटोमेटिक प्रोसेस है, जिस पर हमारा नियंत्रण नहीं होता। गहराई से सांस लेने के लिए हमारा मुंह काफी अधिक खुल जाता है। जम्हाई के साथ-साथ हिचकी पर भी हमारा कोई नियंत्रण नहीं होता है।

**क्यों आती है सुबह-सुबह उबासी**-कभी-कभी जब हम अत्यधिक तनाव में होते हैं या नींद पूरी नहीं होती है, तो उस समय भी जम्हाई लेने लगते हैं। कुछ दवाइयों के साइड इफेक्ट्स के कारण भी बार-बार जम्हाई आने लगती है। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ एप्लाइड एंड बेसिक मेडिकल रिसर्च के एक अध्ययन के अनुसार, जम्हाई मस्तिष्क के तापमान को कम करने में मदद कर सकती है।कुछ विशेषज्ञ मानते हैं कि जम्हाई आपके शरीर को ऊर्जावान बनाती है। इससे कठिन शारीरिक गतिविधियों के लिए शरीर तैयार होता है। जम्हाई से ब्लड प्रेशर और हार्ट बीट सही होती है। इसलिए ओलंपिक एथलीट अक्सर प्रतियोगिता से पहले जम्हाई लेते हैं। पैराट्रूपर्स कूदने से पहले जम्हाई लेने का अभ्यास करते हैं।आमतौर पर जम्हाई आने पर हम नाक से गहरी सांस लेने लगते हैं और मुंह से धीरे-धीरे सांस छोड़ते हैं। इसके अलावा भी जम्हाई से बचने के कुछ घरेलू उपाय हैं।

**1 दांतों को दबाना**-यदि बॉस के सामने या किसी इंपोर्टेंट मीटिंग के दौरान आपको जम्हाई आने लगे, तो आप अपनी सीट से उठकर किसी कोने में आ जाएं। वहां आप अपने दांतों को एक-दूसरे से टच करें और अपने दांत पीसने की कोशिश करें। ऐसा एक मिनट तक करें। आप पाएंगी कि आपकी जम्हाई रूक गई है।


**2 सीढ़ियों पर चढ़ें -उतरें**-यदि आप अत्यधिक काम करने की वजह से थक गई हैं, तो खुद को एनर्जेटिक बनाने के लिए यह उपाय कर लें। आप एक बार कुछ सीढ़ियों पर चढ़ जाएं और फिर उतरें। ऐसा एक-दो बार अभ्यास करें। फिजियोलॉजी एंड बिहेवियर के एक अध्ययन में पाया गया है कि सीढ़ी चढ़ना उतना ही प्रभावी है जितना कि कैफीन की थोड़ी-सी खुराक। ये दोनों ही हमारी एनर्जी बूस्ट करने में मदद करते हैं। सीढ़ियों पर चढ़ते-उतरते समय अपने शरीर पर बहुत ज्यादा जोर न लगाएं। आराम से चढ़ें-उतरें।

**3 थोड़ा पानी पी लें**-डिहाइड्रेशन से भी व्यक्ति थका हुआ महसूस कर सकता है। खुद को हाइड्रेट करने के लिए एक गिलास पानी पिएं। एक कप हर्बल टी या नारियल पानी या नीबू पानी भी आपको तरोताजा महसूस कराएगा और आपकी जम्हाई खत्म हो जाएगी।

**4 हाइड्रेट करें खुद को**-यदि आपको जम्हाई आ रही है, तो ठंडा पेय भी काम कर सकता है। आप कोल्ड कॉफी या कोई कोल्ड न्यूट्रीशियस ड्रिंक भी ले सकती हैं।

# अगर आप भी हैं पीठ दर्द से परेशान तो इन योगासनों के अभ्यास से कहें उसे अलविदा

पिछले कुछ दिनों से क्या आप भी पीठ दर्द की परेशानी झेल रही हैं और तमाम स्प्रे क्रीम दवाएं आपका दर्द कम करने में असफल हो चुकी हैं? तो हम लाए हैं कुछ ऐसे योगासन जो आपकी पीठ दर्द से जुड़ी हर समस्या में आपको राहत देगा।गलत तरह से सोना, बैठना या अगर आपका पीठ की समस्याओं का इतिहास है और आपको व्यायाम करते समय अपनी पीठ में दर्द महसूस होता है, तो पीठ से जुड़ी आपकी ऐसी सभी समस्याओं के लिए हम लाए हैं ऐसे योगासन जो न सिर्फ आपको दर्द में राहत देंगे, बल्कि इन्हें जड़ से खत्म भी करने में भी मददगार होंगे।



**पीठ के लिए फायदेमंद योग**-योग करना पीठ दर्द और तनाव से राहत देता है। इसमें गतिशील और स्थिर दोनों तरह के मूवमेंट होते हैं जो आपकी पीठ की मांसपेशियों को स्ट्रेच करते हैं और मजबूत बनाते हैं , जिससे आप दर्द से राहत पा सकती हैं। पीठ दर्द दूर भगाने के लिए कौन से योगासन हो सकते हैं जानने के लिए हमने बात की योग एक्सपर्ट बिंदु बजाज से, जिन्होंने बताया कि आसन का उचित अभ्यास आपको स्वस्थ रीढ़ बनाए रखने में मदद करता है साथ ही आपकी पीठ स्ट्रेच हो कर फ्लेक्सिबल भी बनती है। योग एक्सपर्ट बजाज बताती हैं कि आजकल की भागदौड़ भरी लाइफ में कई बार बहुत हैवी वर्कआउट करने का टाइम नहीं मिल पाता। ऊपर से ऑफिस या घर में पूरे दिन बैठ कर काम करने के अलावा किचन में खड़े हो कर काम करना भी आपकी पीठ पर स्ट्रेस डाल सकता है। ऐसे में योगाभ्यास करना आपको न सिर्फ पीठ दर्द में राहत देगा, बल्कि आपकी रीढ़ की हड्डी को भी मजबूत बनाने में सहायक होगा।

**1 अधोमुख श्वान**- यह पोश्चर आपके शरीर के वजन को को कुछ देर के लिए आपकी पीठ से हटा कर हाथ और काल्फ़ पर शिफ्ट करता है, आपके हैमस्ट्रिंग और काल्फ़ से लेकर आपकी पीठ के निचले हिस्से और ऊपरी हिस्से तक को स्ट्रेच करता है। पीठ में किसी भी तरह के तनाव को दूर कर पीठ दर्द से तुरंत राहत पाने में मदद करता है। इसे करने के लिए चटाई के एक छोर पर अपने पैरों के पंजों को को जमीन पर मजबूती से रखे । झुकें और अपने हाथों को भी चटाई पर रखें। अपना हाथ तब तक आगे की ओर करें , जब तक कि वे आपके सिर के सामने आए और आपकी बॉडी पूरी तरह से खिंच जाएं।

ध्यान रहे कि आपके हाथ कंधे की सीध में ही आपने अपने हाथ रखे हों, और आपकी पीठ सीधी रहे। **टिप**- यदि स्थिति बहुत चुनौतीपूर्ण है तो अपने घुटनों को मोड़ने या कुछ योग ब्लॉकों का उपयोग करने का प्रयास करें। यह आपकी पीठ को सीधा रखने में भी मदद करेगा और किसी भी तरह के दर्द से राहत दिलाएगा।

**2. बालासन**-बालासन एक ऐसी मुद्रा है, जिसमें घुटने टेक दिए जाते हैं जिससे आपकी पीठ के निचले हिस्से और इनर थाई की मांसपेशियां स्ट्रेच होती हैं। यह रीढ़ को स्थिर करता है, और इसलिए किसी भी अनचाहे दबाव, वजन या स्ट्रेस जो पीठ को प्रभावित करता है से निजात मिलती है साथ ही पीठ का दर्द भी कम होता है और आप रिलैक्स कर पाती हैं।

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# मौसम की मार

भारत में इन दिनों मौसम चिंता की एक वजह बना हुआ है। मौसम के मिजाज में खासा अंतर दिख रहा है। कहीं भयानक लू है, तो कहीं वर्षा से सामान्य जनजीवन प्रभावित है। दिल्ली में तो अस्थिर किस्म का मौसम है, कभी खूब गरमी, तो कभी राहत की कुछ फुहारें। मुंबई का भी ऐसा ही हाल है। तापमान एक दशक का रिकॉर्ड तोड़ रहा है, तो कहीं बारिश राहत बन बरस रही है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, अगले कुछ दिनों में उत्तर भारतीय राज्यों में गंभीर गरमी का एहसास होगा। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, इसका मतलब है कि कमजोर स्वास्थ्य के लोगों को विशेष रूप से सावधान रहना होगा। जो लोग बदलते मौसम के साथ कमजोरी महसूस करते हैं या पहले से ही बीमार हैं, उन्हें विशेष रूप से गरमी से बचने के इंतजाम करने पड़ेंगे। साथ ही, जो लोग स्वस्थ हैं, उन्हें भी धूप से बचने के प्रबंध के साथ ही घर से निकलना होगा।मौसम विभाग ने यह भी बताया है कि उत्तर-पश्चिम भारत में अगले पांच दिनों तक उमस भरी स्थिति रहेगी। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। पुनः आगाह किया गया है कि जो लोग कड़ी मेहनत करते हैं या धूप में बहुत समय बिताते हैं, उन्हें गरमी से संबंधित बीमारियों का खतरा अधिक हो सकता है। उत्तर प्रदेश और बिहार में भी पारा सामान्य से काफी ऊपर चल रहा है, जिसका असर घर से खेत तक साफ दिखाई पड़ रहा है। विशेषज्ञों का अनुमान है, आने वाले दिनों में गरमी का कहर जारी रहेगा और यह कुछ जगहों पर समय के साथ बढ़ भी सकता है। झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा में भी लोगों को चेताया गया है। कुछ जगहों पर बारिश की संभावना है, पर ज्यादातर इलाके बारिश के लिए तरसेंगे। गरम हवा का स्तर भी कम हो रहा है, जिससे धरती की तपन बढ़ी है। आईएमडी के महानिदेशक एम महापात्रा ने भी बता दिया है कि अगले सात दिन गरमी रहेगी। वैसे, गौर करने की बात है कि मौसम विभाग ने मई महीने में सामान्य से ज्यादा तापमान की भविष्यवाणी पहले ही कर दी थी। एक बड़ी चिंता की बात यह है कि तापमान का असर चुनाव और मतदान पर भी खूब पड़ेगा। मतदान का प्रतिशत अभी भी चर्चा की एक बड़ी वजह बना हुआ है। चुनाव आयोग को मतदान केंद्रों पर भी विशेष प्रबंध करने पड़ सकते हैं, ताकि दूर से मतदान के लिए आया कोई व्यक्ति प्रतिकूल मौसम की वजह से परेशान न हो। सेहत से कमजोर लोगों के लिए ज्यादा बेहतर यही है कि सुबह के समय ही मतदान कर दें। क्या सुबह और शाम के समय मतदान का समय बढ़ाया जा सकता है? अगर ऐसा होता है, तो लोगों को मतदान केंद्रों तक लाने में सुविधा होगी। हालांकि, यह अच्छी बात है कि चुनाव के प्रमुख चार बड़े चरण पूरे हो चुके हैं। दक्षिण भारत में मतदान संपन्न हो चुका है और वहां अनेक इलाकों में गरज के साथ बारिश हो रही है। यह विडंबना ही है कि मौसम विभाग ने तमिलनाडु के लिए बाढ़ की चेतावनी जारी की है। यह शायद हमारे देश के भूगोल की ही विशेषता है कि जब उत्तर भारत ताप से तप रहा होगा, तब दक्षिण भारत के साथ ही, पूर्वोत्तर भारत झमाझम भीग रहा होगा।



राम गोपाल सैनी

# रोडवेज की अनूठी पहल- रोडवेज ने चलाया राज्य में कोई भी व्यक्ति प्यासा न रहे अभियान




**जयपुर (हमारा वतन)।** प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर जारी है। जिसके मध्यनजर रोडवेज की अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्रेया गुहा ने यात्रियों को गर्मी से राहत देने एवं राज्य में कोई भी व्यक्ति प्यासा न रहें के उद्देश्य से शुक्रवार को सभी बस स्टैंड पर पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कर यात्रियों को शीतल पेयजल उपलब्ध करवाने के निर्देश दिये है। रोडवेज की कार्यकारी निदेशक (प्रशासन) अनीता मीना ने बताया कि बस स्टैंड्स पर यात्रियों के लिये स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिये छायादार स्थानों पर पेयजल, वाटलकूलर, आरओं आदि की व्यवस्था करने, उनके उचित रखरखाव एवं मरम्मत कर शीतल जल उपलब्ध कराने के लिये आदेश जारी किये गये है। इसके साथ ही अधिकारियों को निगम के बस स्टैंड्स पर स्थित पानी की टंकी, प्याऊ की जाँच और नियमित साफ़ सफ़ाई करने के लिए भी निर्देशित किया गया है। निगम द्वारा भामाशाओं, गैर सरकारी संगठनों, धार्मिक ट्रस्टों और समाजसेवियों को भी पक्षियों के लिए परिण्डे और चुग्गा पात्र लगाने और आवश्यक स्थानों पर पेयजल की व्यवस्था करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।



## अघोषित बिजली कटौती को लेकर पूर्व विधायक शर्मा ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र

**चौमूं (हमारा वतन)।** विधानसभा क्षेत्र चौमूं में की जा रही अघोषित बिजली कटौती को लेकर गुरुवार को पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर आमजन को राहत देने की माँग की है। उन्होंने पत्र के माध्यम से बताया कि भीषण गर्मी में अघोषित बिजली कटौती से शहरी एवं ग्रामीण इलाको में आमजन परेशान है तथा बिजली कटौती के चलते नलकूपो के बंद होने से पेयजल सप्लाई बाधित हो रही है। बिजली कटौती के कारण बिना मोटर घरों तक पानी नहीं पहुँच पा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से यथाशीघ्र समस्या का निस्तारण करवाकर आमजन को राहत प्रदान करने की माँग की है।



## श्री वीर तेजाजी धाम पर एसके फाउंडेशन ने लगाया वाटर कूलर

**जयपुर (हमारा वतन)।** रेलवे अंडरपास के पास स्थित श्री वीर तेजाजी धाम पर एसके फाउंडेशन की ओर से भीषण गर्मी को देखते हुए श्रद्धालुओं के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था के लिए वाटर कूलर लगाया गया। श्री वीर तेजाजी विकास समिति के अध्यक्ष कालूराम जाट ने वाटर कूलर को चालू कर शुभारंभ किया। इस मौके पर जाट ने कहा कि पानी पिलाने से बड़ा कोई धर्म नहीं होता और इस भीषण गर्मी में श्रद्धालुओं एवं आसपास की आम जनता को वाटर कूलर का ठंडा जल पीने से बहुत ही राहत महसूस होगी। वाटर कूलर के शुभारंभ के अवसर पर एस के फाउंडेशन के एरिया मैनेजर रंजीत चौधरी, सूरजभान, मनोज चौधरी, राकेश चौधरी, रामनारायण सैनी, समिति के मंत्री लालचंद डूडी, कोषाध्यक्ष गोपाल लाल यादव, पुजारी ताराचंद शर्मा, सदस्य मोहनलाल गोरा, अरविंद भातरा, रियांश जाट, नगर परिषद चौमूं के जमादार बजरंग लाल, सुवालाल, मुकेश यादव, कालूराम धोबी, रामस्वरूप करीरा, महिला सत्संग मंडल की सदस्य नरसी देवी, बाबूदी देवी, कमली देवी, नैसी देवी, प्रभावती देवी, फूली देवी, गणपति देवी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।




## प्रकृति फाउंडेशन ने जरूरतमंद लोगों को स्लिपर व ठंडाई का किया वितरण

**जयपुर (हमारा वतन)।** भयंकर गर्मी को देखते हुए प्रकृति फाउंडेशन की ओर से जरूरतमंद लोगों को चप्पल और ठंडाई का वितरण किया गया। फाउंडेशन की डायरेक्टर प्रियंका पंकज गोयल ने बताया कि नौतपा शुरू हो चुका है और स्वेज फॉर्म स्थित कच्ची बस्ती में कई लोग नंगे पैर घूमते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए हमने चप्पल और ठंडाई वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम सुल्तान नगर कच्ची बस्ती, बाबा रामदेव नगर सुलभ के सामने, शौर्य सेवा संस्थान घायल पशु पक्षी केंद्र और सावित्रीबाई फुले पाठशाला में आयोजित किया गया। अतिथियों में शौर्य सेवा संस्थान से संतोष, संरक्षक भवानी शंकर सैनी, प्रकृति फाउंडेशन के मुख्य संरक्षक सतीश कुमार, उर्मिला नयाती, नेहा जैन, प्रियांशी डोंगरा, कविता शर्मा, शालू मेहरा, नीलम त्यागी, सुरभि, हिमान्या अग्रवाल ने सक्रिय भागीदारी निभाई।



हमारा वतन
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
उप सम्पादक: सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा